# जिला सामाजिक आर्थिक पुर्नरीक्षण
# जिला अम्बाला
# वर्ष 2013–14

## जिला सांख्यिकीय कार्यालय
## अम्बाला ।

# <u>आमुख</u>

इस प्रकान का उद्देशय जिला अम्बाला में पिछले एक वर्ष में हुए सामाजिक एवं आर्थिक तथा अन्य विकास कार्यो बारे जानकारी उपलब्ध कराना है। इसमें जिले से सम्बंधित  विभिन्न विषयों विशेकर क्षेत्रफल, जनसंख्या, कृषि, सिंचाई, वन, पशुपालन, विद्युत, उद्योग, सड़क तथा परिवहन, संचार, श्रम तथा रोजगार, सहकारिता, बैंक, शिक्षा, चिकित्सा, समाज कल्याण इत्यादि के अतिरिक्त बहुत से विविध विषयों पर सूचना के साथ–साथ जनगणना 2001 व 2011 के अनुसार जनसंख्या की सूचना उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है।

यह प्रकाशन विभिन्न विभागों, अनुसंधान संस्थाओं और उन संस्थाओं एवं  व्यक्तियों के लिए उपयोगी सिद्व होगा जिन की जिला अम्बाला की सामाजिक व आर्थिक समस्याओं तथा उनसे जुडे अन्य पहलुओं में रूची है।

मैं जिला अम्बाला के विभिन्न कार्यालय अध्यक्षों, जिन्होंने इस प्रकाशन के लिए सूचना उपलब्ध कराने में सहयोग दिया, की आभारी हूँ। उनके सहयोग के बिना इस प्रकाशन को जारी कर पाना सम्भव नहीं था। अन्त में मै **श्री सुधीर कुमार**, **स0जि0स0अ0, जिला सांख्यिकीय कार्यालय, अम्बाला** का इस प्रकाशन को संकलित करने तथा रिपोर्ट को इस रूप में समयपर प्रकाशित करने के लिए आभार प्रकट करती हूॅं।

**(श्रीमति पूनम मंगला)**
**जिला सांख्यिकीय अधिकारी,**
**अम्बाला।**

तिथिः 10.06.2015

# जिला सामाजिक आर्थिक पुर्नरीक्षण–जिला अम्बाला
## विषय सूची


| संख्या | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| परिशिष्ठ–1 | सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण–अम्बाला | 6–7 |
| परिशिष्ठ–2 | स्थिति तथा भौतिक विशेषताएं | 8–9 |
| 1. | स्थिति तथा भौतिक विशेषताएं | 8–9 |
| | स्थिति | |
| | भौतिक विशेषताएं | |
| | खनिज सम्पदा | |
| | नदियां | |
| | जलवायु तथा वर्षा | |
| | मिट्टी | |
| | भू–जल विज्ञान | |
| 2. | जनसंख्या | 9–11 |
| | जनगणना के आंकड़े | |
| | घनत्व | |
| | ग्रामीण व शहरी जनसंख्या | |
| | 0–6 आयुवर्ग के बच्चों में लिंगानुपात | |
| | मलिन बस्तियों में लिंगानुपात | |
| | साक्षरता–ग्रामीण व शहरी | |
| | मलिन बस्तियों में साक्षरता | |
| 3. | वन | 12 |
| | वनों के अधीन क्षेत्रफल | |
| 4. | कृषि | 12–16 |
| | भूमि का प्रयोग | |
| | कृषि जोतें | |
| 5. | सिंचाई | 16–17 |
| | सिंचाई के साधन | |
| | फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र | |
| | सिंचाई की सघनता | |
| | नलकूप/पम्पिग सैट | |
| | बाढ़ | |
| 6. | पशुपालन तथा डेरी | 17 |
| | पशुधन | |
| | पशु चिकित्सालय सेवायें | |
| | डेरी, 'दुग्ध उत्पादन' | |
| 7. | मछली पालन | 17 |
| 8. | विद्युत | 18 |
| | विद्युतीकरण 'शहरी/गांव' | |
| | नलकूप | |
| | विभिन्न परियोजनाओं में विद्युत का उपयोग | |
| 9. | खनिज पदार्थ तथा उद्योग | 18–19 |
| | खनिज उत्पादन | |
| | लघु उद्योग यूनिट | |

बड़े तथा मध्यम स्तरीय उद्योग यूनिट

10. सड़क तथा परिवहन 19

सड़कों की लम्बाई

रेलवे स्टेशन एवं हरियाणा परिवहन बस स्टैण्ड की संख्या

राज्य परिवहन

सड़क दुर्घटनायें

11. संचार 20

डाकघर व तारघर

दूरभाष केन्द्र

12. श्रम तथा रोजगार 20

औद्योगिक झगड़े

रोजगार केन्द्र

मजदूरों की औसत दैनिक आय

13. सहकारिता 21

14. बैंक 21

15. शिक्षा 22

विद्यालय तथा महाविद्यालय

अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम

इन्जिनियरिंग कालेज

16. चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य 23

स्वास्थ्य सेवाएं

परिवार कल्याण प्रोग्राम

सुरक्षित पेयजल

17. कल्याण विभाग 23–24

इन्दिरा गांधी प्रिय दर्शनी विवाह शगुन योजना

अन्र्तजातीय विवाह योजना

अत्याचार से पीडित लोगों की आर्थिक सहायता करना

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना (अन0जाति)

प्रथम बार में प्रथम आने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को प्रोत्साहन देने

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति स्कीम(पिछडे वर्ग)

वृद्वावस्था एवं अन्य पैंशन

डा0 अम्बेडकर मेधावी छात्रवृति स्कीम अनुसूचित जाति

डा0 अम्बेडकर मेधावी छात्रवृति योजना पिछडे वर्ग

उत्कृप्ट कार्य करने वाली पंचायतो को प्रोत्साहन देने बारे

18 विविध 25–27

नगरपालिकाएं

जिला राजस्व

रजिस्ट्रीकरण

पुलिस तथा अपराध

हरियाणा सरकार के कर्मचारी

मनोरंजन

टेलिविजन सैट

बचत

जिला योजना

खेलकूद

राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र

चुनाव तथा मतदाता

## परिशिप्ठ–1

### जिला सामाजिक आर्थिक पुर्नरीक्षण–जिला अम्बाला

जिला अम्बाला हरियाणा राज्य के प्रसिद्व ऐतिहासिक जिलों में से एक है। अम्बाला की उत्तरी सीमा पर जिला पंचकूला, पूर्व में यमुनानगर, पष्चिम में जिला पटियाला (पंजाब) तथा दक्षिण में जिला कुरुक्षेत्र स्थित है। अम्बाला जिला राज्य तथा देश की राजधानी से राष्ट्रीय राजमार्ग (जी0 टी0 रोड़) से जुड़ा हुआ है।

प्रचलित मत के अनुसार जिला अम्बाला का नाम इसके संस्थापक ((अम्बा) राजपूत के नाम से 14वीं शताब्दी में पड़ा। दूसरे प्रचलित मत के अनुसार इसका नाम अम्बा वाला (मैंगो ट्री) से निर्गम हुआ। कुछ धार्मिक लोगों का मत है कि इसका नाम ''अम्बा भवानी'' जिसका मन्दिर अब भी शहर में स्थित है, के नाम से पड़ा।

1 वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार जिला अम्बाला में कुल 482 गांव है परन्तु राजस्व रिकार्ड के अनुसार जिला अम्बाला में कुल 493 गांव हैं जो 6 सामुदायिक विकास खण्डों में विभाजित है। इस समय जिला में 3 उपमण्डल व 3 तहसीलें हैं। जिले का क्षेत्रफल राजस्व रिकार्ड के अनुसार 1540 वर्ग किलो मीटर तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अनुसार जिले का क्षेत्रफल 1574.00 वर्ग किलो मीटर है जो राज्य का 3.56 प्रतिशत है। 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 1128350 है। इसमें 598703 पुरूष व 529647 स्त्रियां हैं। जिले का लिंगानुपात 885 है तथा साक्षरता दर 72.50 प्रतिशत है।

2 जिला अम्बाला की जलवायु सर्दियों में सर्द तथा गर्मियों में गर्म होती है। वर्षा ऋतु जुलाई मास के प्रथम सप्ताह में आरम्भ हो जाती है तथा सितम्बर मास के अन्त तक जारी रहती है। जिला अम्बाला में वर्ष 2008–2012 के दौरान पांच वर्षीय औसत सामान्य वर्षा 1058.00 मि0 मी0 रिकार्ड की गई जबकि वर्ष 2012 के दौरान वार्षिक औसत वर्षा 660.00 मि0 मी0 रिकार्ड की गई।

3 वर्ष 2013–14 में गांव के प्रपत्रों के अनुसार जिले का कुल क्षेत्रफल 154 हजार हैक्टेयर है। वर्ष 2013–14 में कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल 109 हजार हैक्टेयर है। जो कुल क्षेत्रफल का 71.24 प्रतिशत है। निवल बोया गया क्षेत्र 108 हजार हैक्टेयर है। जो कृषि योग्य भूमि का 99.08 प्रतिशत है। एक बार से अधिक बार बोया गया क्षेत्र 91 हजार हैक्टेयर है जो निवल बोये गये क्षेत्र का 119.3 प्रतिशत है। इस प्रकार 2013–14 में कुल बोया गया क्षेत्र 199 हजार हैक्टेयर है

4 जिले में 7 मण्डियां तथा 9 सब यार्ड है, इन मण्डियों में मुख्य आमद गेहूँ, जीरी तथा आलु की है। जिले में अनाज संग्रहण करने के लिए गोदाम काफी संख्या में उपलब्ध हैं।

5 वर्ष 2013–14 में नलकूप तथा पम्पिंग सैट जिले में सिंचाई के मुख्य साधन रहे, जिनसे निवल सिंचित क्षेत्र का 105.10 प्रतिशत क्षेत्र नलकूपों द्वारा सिंचित किया गया तथा शेष नहरों व अन्य साधनों द्वारा सिंचित किया गया। वर्ष 2013–14 में टयूबवैल तथा पम्पिंग सैट की संख्या 19951 रही। सिंचाई की क्षमता का मुख्य भाग गेहूँ तथा धान की फसलों में प्रयोग किया जाता है।

6 जिला अम्बाला के सभी गांवों का विद्युतीकरण हो चुका है तथा लगभग सभी गांव पक्की सड़को से जोड़े गये हैं।

7. सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां अम्बाला के अनुसार वर्ष 2013—14 में जिले में सभी प्रकार की 758 सहकारी समितियां हैं, जिनकी सदस्यता 219458 है। जिसके अनुसार प्रति लाख व्यक्तियों के पीछे 197 समितियां कार्यरत है।

8 जिला अम्बाला में चिकित्सा सेवायें विभिन्न संस्थाओं जैसे कि राज्य सरकार, स्थानीय निकाय तथा ऐच्छिक संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाती है। वर्ष 2013—14 में जिले में 3 अस्पताल,104 सबसैन्टर, 1 क्षय रोग केन्द्र तथा 21 प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों और 4 सामुदायिक केन्द्रों द्वारा चिकित्सा सेवायें प्रदान की गई। वर्ष 2013—14 में जिले में 21 परिवार कल्याण केन्द्र थे। जिनमें नलबन्दी तथा नसबन्दी के 1219 केसिज किये गये। उपरोक्त के अतिरिक्त जिला अम्बाला में 17 आर्युवेदिक चिकित्सा पद्वति एवं 1 युनानी पद्वति का अस्पताल भी है जिनमें अन्तरंग तथा बाह्रय रोगी चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध है।

9 वर्ष 2013—14 में जिला अम्बाला में 506 प्राथमिक, 'पूर्व—प्राथमिक बालवाड़ी सहित' 194 माध्यमिक तथा 258 उच्च व वरिष्ठ को छोडकर माध्यमिक विद्यालयों में 126957 विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की गई। इनमें से 58077 विद्यार्थी अनुसूचित जाति के थे। उपरोक्त स्कूलों में 2598 अध्यापक कार्यरत रहे। जिले में प्राथमिक स्तर पर 40 विद्यार्थी प्रति अध्यापक तथा माध्यमिक स्तर पर 55 विद्यार्थी प्रति अध्यापक, उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थी प्रति अध्यापक अनुपात का अनुमान नही है।

10 यह जिला अन्य जिलों की अपेक्षा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। जिला अम्बाला में 15 कला एव विज्ञान महाविद्यालय, 11 इंजिनियरिंग महाविद्यालय, 13 शिक्षा महाविद्यालय, 1 विधि महाविद्यालय, 3 बहुतकनीकी तथा 7 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भी विभिन्न पाठयक्रमों में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

## परिशिष्ठ –2

### स्थिति तथा भौतिक विशेषतायें

1. स्थिति

जिला अम्बाला हरियाणा के 74॰33′53 से 76॰36′52 उत्तर पष्चिम में पूर्वी समानान्तर भाग के बीच तथा 27॰39′45 उत्तरी अक्षांष से समुद्रतल से 900 फुट की ऊंचाई पर स्थित है।

2. क्षेत्रफल तथा प्राशासनिक ढांचा

जिला अम्बाला का ग्राम पपत्रों के अनुसार कुल क्षेत्रफल 1540 वर्ग कि0 मी0 है तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अनुसार जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 1574.00 वर्ग कि0 मी0 है जो राज्य के क्षेत्रफल का 3.56 प्रतिशत है। जिले में अम्बाला, बराड़ा तथा नारायणगढ़ 3 तहसीलें है जो 3 उपमण्डलों अम्बाला, बराड़ा तथा नारायणगढ़ के अन्तर्गत आती है। जिले का प्रशासनिक मुख्य कार्यालय अम्बाला शहर में स्थित है।

3. जिला अम्बाला में जनगणना 2011 के अनुसार कुल 482 गांव है तथा राजस्व रिकार्ड के अनुसार कुल 493 गांव है। यह सभी गांव 6 सामुदायिक विकास खण्ड–अम्बाला–1, अम्बाला–2, बराड़ा, नारायणगढ़, शहजादपुर तथा साहा के अधीन आते है। तहसील अम्बाला के अन्तर्गत अम्बाला–1, अम्बाला–2 व शहजादपुर खण्ड, तहसील नारायणगढ़ के अन्तर्गत नारायणगढ़ खण्ड तथा तहसील बराड़ा के अन्तर्गत बराड़ा एवं साहा खण्ड आते है। जिला अम्बाला में 1 नगर निगम व 1 नगर पालिका और 15 जनगणना नगर तथा 405 ग्राम पंचायते हैं। पंचायतो की कुल सदस्य संख्या 3545 (3140 पंच तथा 405 सरपंच) है। जिला अम्बाला में 7 मार्किट कमेटियां हैं जिनमें 3 मार्किट कमेटियां तहसील अम्बाला में, 2 बराड़ा तहसील में तथा 2 नारायणगढ़ तहसील में हैं। इसके अतिरिक्त 9 सबयार्ड हैं।

4. भौतिक विशेषतायें

अगस्त 1995 में जिला पंचकूला बनने के कारण अब अम्बाला जिला पहाड़ी इलाके से कटकर समतल व रेतीले धरातल वाला रह गया है।

5. खनिज सम्पदा

जिला अम्बाला खनिज सम्पदा के सन्दर्भ में अधिक सक्षम नहीं है क्योंकि यहाँ थोड़े बहुत रेत बजरी निकाले जाते है।

6. नदियां

जिला अम्बाला में मारकन्डा, घग्घर, डांगरी व बेगना चार बरसाती नदियां है जो कि उत्तर दिशा में शिवालिक पहाड़ियों से निकल कर अम्बाला में प्रवेश करती हैं।

7. जलवायु तथा वर्षा

जिले की जलवायु सर्दियों में सर्द तथा गमियों में गर्म होती है। वर्षा ऋतु जुलाई मास के प्रथम सप्ताह से आरम्भ होकर सितम्बर मास के अन्त तक जारी रहती है। वर्ष 2013 में 3248 मि0 मी0 वार्षिक औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

8. मिट्टी

जिला अम्बाला में कई प्रकार की मिट्टी पाई जाती है। इन मिट्टियों की बनावट दोमट से रेतीली, रेतीली से दोमट वाली लवणीय तथा क्षारीय तत्व की भी समस्या पाई जाती है। नदियों वाले क्षेत्रों में चिकनी मिट्टी, दोमट मिट्टी मिलती है। यह मिट्टी बहुत गहरी होती है। इसका जल निकास भी खराब पाया जाता है।

9. क) भू–जल विज्ञान

जिले का भू–जल स्तर जमीन की सतह से 5 व 36 मीटर के मध्य में है। गहरे टयूबवैलों में प्रायःजल स्तर 91 से 185 मीटर की गहराई पर है।

ख) भू–जल संसाधन

जिले में भू–जल संसाधन का अत्याधिक विकास हो रहा है।अम्बाला–1, अम्बाला–2 बराड़ा, नारायणगढ़, शाहजादपुर तथा साहा सभी खण्डों में विकास 80 प्रतिशत से अधिक हुआ है।

## जनसंख्या

### जनगणना 2011 के अन्तिम आंकड़ों के आधार पर

10. जनगणना के आंकडे

जिला अम्बाला की जनसंख्या जनगणना 2011 के आंकड़ों के आधार पर 1128350 है जिसमें 598703 पुरूष व 529647 स्त्रियां है। जबकि 2001 की जनगणना के आधार पर जिले की जनसंख्या 1014411 थी जिसमें 542977 पुरूष व 471434 स्त्रियां थी। 2001–2011 की अवधि में जिले की जनसंख्या में 11.23 प्रतिशत दशकीय वृद्वि दर से बढ़ौतरी हुई है। यह दर 1991–2001 में 25.78 प्रतिशत थी।

**तालिका :– जिले की जनसंख्या : जनगणना 2011**

| | कुल जनसंख्या | पुरूष | स्त्रियां |
|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 627576 | 331703 | 295878 |
| शहरी | 500774 | 267000 | 233774 |
| कुल जनसंख्या | 1128350 | 598703 | 529647 |

11. घनत्व

भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा दिए गए भौगोलिक क्षेत्र के आंकड़ों के अनुसार जिले का क्षेत्रफल 1574.00 वर्ग कि0मी0 है। जो राज्य के क्षेत्रफल का 3.56 प्रतिशत है। जनगणना 2011 के आधार पर जिले का घनत्व 717 व्यक्ति वर्ग कि0मी0 है। 2001 की जनगणना अनुसार जिले का घनत्व 644 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 है।

12. ग्रामीण व शहरी जनसंख्या

जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार जिला की लगभग 55.61 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात् 627576 ग्रामीण क्षेत्र में रहती है। जिसमें 331703 पुरूष तथा 295873 स्त्रियां हैं। जिले की शहरी जनसंख्या 500774 जो कुल जनसंख्या का 44.38 प्रतिशत है जिसमें 267000 पुरूष व 233774 स्त्रियां है।

## जिले में लिंगानुसार ग्रामीण शहरी जनसंख्या (तहसीलवार)

| वर्ष / तहसील | जनसंख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | देहाती | | | शहरी | |
| | पुरूष | स्त्रियां | जोड़ | पुरूष | स्त्रियां | जोड़ |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 . |
| 1991 | 272439 | 239232 | 511671 | 146542 | 139267 | 285809 |
| 2001 | 349932 | 307451 | 657383 | 93045 | 163983 | 357028 |
| 2011 | 331703 | 295873 | 627576 | 267000 | 233774 | 500774 |
| तहसील | | | | | | |
| 1.अम्बाला | 113863 | 101534 | 215397 | 234966 | 205201 | 440167 |
| 2.बराड़ा | 113172 | 101222 | 214394 | 15647 | 13998 | 29645 |
| 3.नारायणगढ़ | 104668 | 93117 | 197785 | 16387 | 1457 | 30962 |
| जोड़ | 331703 | 295873 | 627576 | 267000 | 233774 | 500774 |

जिला की ग्रामीण जनसंख्या 2011 में 627576 है जो 2001 में 657383 थी। इस तरह ग्रामीण जनसंख्या में 4.53 प्रतिशत की कमी आई। जिला की शहरी जनसंख्या 2001 में 357028 से बढ़कर 2011 में 500774 हो गई है अतः शहरी जनसंख्या में 40.26 प्रतिशत दशकीय वृद्वि हुई। जिला के 2 नगर निगम और 11 जनगणना नगरों में अम्बाला नगर व अम्बाला सदर की जनसंख्या एक लाख से अधिक होने के कारण श्रेणी –1 तथा अम्बाला छावनी, नारायणगढ़, करधान, बब्याल श्रेणी–3 के नगर हैं।

13 0–6 आयु वर्ग की जनसंख्या

जिला अम्बाला की जनगणना में 2011 में 0–6 आयु वर्ग के बच्चों की संख्या कुल जनसंख्या का 13.24 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2011 में 11.32 प्रतिशत रह गई है। जनगणना 2001 में 0–6 आयु वर्ग के बच्चों की संख्या 134369 है जबकि 2011 में यह जनसंख्या 127689 रही। जिला के ग्रामीण क्षेत्र में 0–6 आयुवर्ग के बच्चों की जनसंख्या 74425 है जो कुल ग्रामीण जनसंख्या का 11.86 प्रतिशत है तथा शहरी क्षेत्र में यह संख्या 41299 है जोकि कुल शहरी जनसंख्या का 10.64 प्रतिशत है।

14 मलिन बस्तियों की जनसंख्या

जिला के अम्बाला नगरनिगम की (22043) 15.83 प्रतिशत तथा अम्बाला सदर नगरनिगम की (6693) 6.29 प्रतिशत जनसंख्या मलिन बस्तियों में रहती है। इसमें 11646 पुरूष तथा 10397 स्त्रियां हैं एवं 3534 पुरूष तथा 3159 स्त्रियां है। 0-6 आयु वर्ग में बच्चों की अम्बाला नगरनिगम की 2673 जनसंख्या में 1518 पुरूष तथा 1155 स्त्रियां और अम्बाला सदर नगरनिगम की 904 जनसंख्या में 493 पुरूष तथा 411 स्त्रियां है।

15 लिंगानुपात

जिला अम्बाला में जनगणना 2011 के अनुसार प्रति हजार पुरूषों पर 885 महिलाओं का अनुपात है जो 2001 में 868 था। इससे स्पष्ट है कि स्त्री पुरूष अनुपात में 2001 की तुलना में 2011 में बढोतरी दर्ज की गई है। हरियाणा राज्य में यह अनुपात 879 है जो सभी राज्यों में सबसे कम स्तर पर पहुँच गया है।

जिला अम्बाला में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में यह अनुपात क्रमशः 892 तथा 876 है।

16 साक्षरता

जनगणना 2011 में जिला अम्बाला में 818025 व्यक्ति साक्षर है जिसमें 461288 पुरूष तथा 356787 स्त्रियां है। जनगणना 2011 में जिला में 72. 50 प्रतिशत की साक्षरता दर दर्ज की गई। जिला में पुरूष साक्षरता दर 77.05 प्रतिशत स्त्री साक्षरता दर 67.36 प्रतिशत की तुलना में अधिक रही। जबकि 2001 की जनगणना अनुसार जिला में 75.31 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर थे। पुरूष साक्षरता दर 82.31 प्रतिशत तथा स्त्री की साक्षरता दर 67.39 प्रतिशत थी। जनगणना 2011 के अनुसार राज्य की पुरूष–स्त्री साक्षरता दर क्रमशः 85.38 तथा 66.77 है।

17 साक्षरता ग्रामीण व शहरी

2011 की जनगणना अनुसार जिला अम्बाला के ग्रामीण क्षेत्र में 78.64 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर हैं। जिनमें 86.01 प्रतिशत पुरूष तथा 70.48 प्रतिशत स्त्रियां साक्षर है। शहरी क्षेत्र में 88.15 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर है। जिनमें 91.47 प्रतिशत पुरूष तथा 84.35 प्रतिशत स्त्रियां है। जबकि 2001 की जनगणना अनुसार ग्रामीण व शहरी स्तर पर साक्षरता दर क्रमशः 69.63 तथा 85.47 प्रतिशत थी।

**18 तालिकाः– जिले में साक्षरता दर (जनगणना 2011)**

| तहसील | ग्रामीण | | | शहरी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | पुरूष | स्त्रियां | कुल | पुरूष | स्त्रियां |
| अम्बाला | 67.14 | 72.91 | 60.66 | 78.73 | 81.74 | 75.29 |
| बराड़ा | 69.11 | 74.73 | 62.83 | 74.68 | 79.20 | 69.62 |
| नरायणगढ़ | 67.67 | 73.26 | 56.47 | 73.23 | 76.57 | 69.47 |
| कुल | 67.98 | 73.64 | 61.63 | 78.15 | 81.27 | 74.59 |

## वन

19. वनों के अधीन क्षेत्रफल

वन विभाग के अनुसार जिले में वर्ष 2013—14 में लगभग 63.31 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र वनों के अधीन था जो कुल क्षेत्रफल का 4.04 प्रतिशत है। इस समय जिला में 2 वर्ग कि0 मी0 आरक्षित राज्यवन क्षेत्र तथा 35 वर्ग कि0 मी0 संरक्षित राज्य वन क्षेत्र में आता है।

## कृषि

20. भूमि का प्रयोग

वर्ष 2013—14 में ग्राम प्रपत्रों के अनुसार जिला अम्बाला का कुल क्षेत्र 154 हजार हैक्टेयर है जिसमें से 0.63 प्रतिशत वनों के अधीन, 25.99 प्रतिशत चरागाह व गैर—कृषि प्रयोजनों इत्यादि में तथा 70.21 प्रतिशत निवल बोये गये क्षेत्र के अधीन रहा।

21. वर्ष 2013—14 में कृषि योग्य भूमि 109 हजार हैक्टेयर है, जबकि बोया गया निवल क्षेत्र 108 हजार हैक्टेयर है जो कृषि योग्य भूमि का 99.08 प्रतिशत है। एक बार से अधिक बार बोया गया क्षेत्र 91 हजार हैक्टेयर है जो निवल बोये गये क्षेत्र का 83.49 प्रतिशत है।

22. तहसील अम्बाला, बराड़ा व नारायणगढ़ में निवल बोया गया क्षेत्र क्रमशः37 हजार, 38 हजार व 32 हजार हैक्टेयर है। जो कुल निविल क्षेत्र का 34.25, 35.18 व 29.62 प्रतिशत है।

23. कृषि जोतें

कृषि गणना 2010—11 के अनुसार जिला अम्बाला में कुल 58351 कृषि जोते कार्यरत थी। इन 58351 जोतों का विवरण निम्न प्रकार से है—

| क्रम संख्या | जोतों का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 0—5 | 22374 |
| 2 | 0—5——1.0 | 11528 |
| 3 | 1.0——2.0 | 10837 |
| 4 | 2.0——3.0 | 5459 |
| 5 | 3.0——4.0 | 2852 |
| 6 | 4.0——5.0 | 2020 |
| 7 | 5.0——7.5 | 2270 |
| 8 | 7.5——10.0 | 940 |
| 9 | 10.0——20.0 | 926 |
| 10 | 20.0 – ंइवअम | 145 |

24. जिला अम्बाला की रबी की मुख्य फसलें गेहूँ जौं तथा खरीफ की मुख्य फसलें, धान तथा मक्की है। वर्ष 2013—14 में कुल बोये गये क्षेत्र में से 80 हजार हैक्टेयर धान के अधीन रहा तथा 87 हजार हैक्टेयर गेहूँ के अधीन रहा जबकि वर्ष 2013—14 में कुल बोये गये क्षेत्र का 87.37 प्रतिशत गेहूँ एवं 73.51 प्रतिशत धान के अधीन था। इसी प्रकार गन्ने का क्षेत्रफल वर्ष 2013—14 में 10.0 हजार हैक्टेयर तेल बीज सूर्यमुखी सहित 2.5 हैक्टेयर था।

25. <u>मुख्य फसलों का उत्पादन</u>

फसलों के अधिक उत्पादन में प्राकृतिक साधानों जैसे वर्षा, जलवायु तथा भूमि ऊपजाऊ शक्ति का मुख्य योगदान रहा है। जिले की मुख्य फसलें गेहूँ तथा धान है।

वर्ष 2013—14 में गेहूँ का उत्पादन 423 हजार टन, चावल का उत्पादन 322 हजार टन,मक्की का उत्पादन 3 हजार टन। गेहूँ की औसत उपज 4861 कि0 ग्रा0 प्रति हैक्टेयर,चावल की औसत उपज 3884 कि0 ग्रा0 प्रति हैक्टेयर, मक्की की औसत उपज 2979 कि0 ग्रा0 प्रति हैक्टेयर रही।

**तालिकाः— मुख्य फसलों की औसत उपज((कि0ग्रा0प्रति हैक्ट0)**

| फसल | 2007—08 | 2008—09 | 2009—10 | 2010—11 | 2011—12 | 2012—13 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गेहूँ | 3982 | 3673 | 3980 | 3608 | 3575 | 4861 |
| चावल | 3695 | 3299 | 3727 | 3433 | 3552 | 3884 |
| मक्की | 2666 | 2667 | 2695 | 2146 | 2068 | 2979 |

26. <u>अधिक उपजाऊ किस्में</u>

जिला अम्बाला में गेहूँ तथा धान की अधिक उपजाऊ किस्मों के बीजों का प्रयोग रहा है। वर्ष 2013—14 में गेहूँ व धान के अधीन क्रमशः 87.0 व 73.51 प्रतिशत क्षेत्र में अधिक उपजाऊ बीजों का प्रयोग हो रहा है।

27. वर्ष 2013—14 में जिला अम्बाला में 2050189 क्विंटल गेहूँ तथा 5395254 क्विंटल धान की सरकारी एजेन्सियों द्वारा खरीद की गई।

28. <u>रासायनिक खाद का वितरण</u>

वर्ष 2013—14 में कुल खाद का उपयोग 50993 टन रहा। नाईट्रोजन का उपयोग 38762 टन तथा फास्फोरस का 11586 टन रहा । पोटास का उपयोग केवल 645 टन रहा।

29. <u>पौधों की सुरक्षा के उपाय</u>

जिला अम्बाला में 2013—14 में गेहूँ, धान तथा गन्ना के कुल बोये गये क्षेत्र में 545 टन कीटनाशक दवाओं का उपयोग किया गया जो मुख्यतः धान तथा गेहूँ की फसलों के अधीन क्षेत्र में किया गया।

30. <u>कृषि यन्त्र तथा उपकरण</u>

जिला अम्बाला में वर्ष 2013—14 में उपयोग किए गये कृषि यन्त्र तथा उपकरणों में ट्रैक्टरों की संख्या 10286 थी।

31. <u>कृषि उपज बिक्री संग्रहण</u>

वर्ष 2013—14 में अम्बाला में कृषि उपज की पूर्ति के लिए 7 मार्किट कमेटियां तथा 9 सबयार्डस द्वारा बिक्री एवं खरीद करवाई गई। जिसमें मुख्य आमद जीरी, गेहूँ, सूर्यमुखी तथा आलु की फसल रही। इन सभी मण्डियों में वर्ष 2013—14 के दौरान 9237011.95 क्विंटल कुल कृषि उत्पादन की आमद रही।

32.

वर्ष 2013—14 के दौरान इन सभी मण्डियों में गेहूँ की आमद 2050189 क्विंटल, धान की आमद 5276434 क्विंटल ,आलू की आमद 201297 क्विंटल रही। सरसों तथा तोरिया की आमद 13713 क्विंटल तथा सुर्यमुखी की 38761 क्विंटल व अन्य 301400 क्विंटल रही।

**<u>तालिकाः— कृषि उत्पादन की आमद — जिला अम्बाला</u>**

| फसल | 2006—07 | 2007—08 | 2008—09 | 2009—10 | 2010—11 | 2011—12 | 2012—13 | 2013—14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धान | 3194 | 2855 | 3457 | 4107 | 4094 | 4781 | 5150 | 5276 |
| आलू | 192 | 184 | 254 | 159 | 251 | 265 | 213 | 201 |
| सूर्यमुखी | 101 | 42 | 89 | 50 | 33 | 44 | 41 | 39 |
| गेहूँ | 118 | 942 | 1638 | 1795 | 2048 | 1828 | 2569 | 2050 |
| सरसो,तोरि | 6 | 9 | 12 | 55 | 27 | 94 | 8 | 14 |
| अन्य | 1665 | 473 | 665 | 1500 | 1319 | 8057 | 227 | 301 |
| कुल | 5276 | 4949 | 6115 | 7666 | 7772 | 15069 | 8208 | 7881 |

33.

इन मण्डियों में किसानों के रात को ठहरने के लिए विश्राम गृह है तथा इसके अतिरिक्त पीने के पानी, पशुषाला इत्यादि की सुविधायें भी प्रदान की जाती हैं।

34. जिला अम्बाला में वर्ष 2013—14 में सरकारी गोदामों की क्षमता 228478 टन थी।

35. <u>समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम</u>

जिला ग्रामीण विकास एजैन्सी अपनी स्थापना से ही ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी के अभिशाप को समाप्त करने के लिए भरसक प्रयास रही हैं। और इस दिशा में इसे न केवल शतप्रतिशत भौतिक एवं आर्थिक लक्ष्य प्राप्त करने का श्रेय है। बल्कि यह गरीब ग्रामीण परिवारों के आर्थिक स्तर में वास्तिविक वृद्वि लाने में सफल रही है। अब इस दिशा में और कारगर रूप से सक्रीय है। एजैन्सी का यह दृढ़ संकल्प है कि वह जिला अम्बाला के हर परिवार को इतनी अधिक सहायता प्रदान करवा दें कि वह सदा के लिए गरीबी की रेखा को पार कर लें। वर्ष 2013—14 में ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत 1320 गरीब परिवारों को 482.60 लाख रुपए का अनुदान वितरित किया गया। इन लाभान्वित परिवारों में से 1178 परिवार अनुसूचित जातियों से सम्बन्धित है। इन लाभान्वित परिवारों में 719 महिलायें थी।

36. भूमि विकास कार्यक्रम

जिला अम्बाला में वर्ष 2013—14 के दौरान 9222 मिट्रिक टन जिप्सम डालकर 8182 हैक्टेयर भूमि का सुधार किया गया।

## सिंचाई

37. सिंचाई के साधन

वर्ष 2013—14 में निविल सिंचित क्षेत्र 108100 हैक्टेयर था जो कि बोये गये निवल क्षेत्र का 100 प्रतिशत था। स्त्रोतानुसार सिचाई के क्षेत्र में 97.01 प्रतिशत क्षेत्र नलकूपों द्वारा तथा शेष 2.92 प्रतिशत नहरों व अन्य साधनों द्वारा (निविल सिंचित क्षेत्र) सिंचित किया गया।

38. वर्ष 2013—14 में सकल सिंचित क्षेत्र सकल बोये गये क्षेत्र का 100 प्रतिशत था तथा निविल सिंचित क्षेत्र निविल बोये गये क्षेत्र का भी 88 प्रतिशत रहा।

39. फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र

वर्ष 2013—14 में फसल अनुसार कुल बोया गया सिंचित क्षेत्र 1785.76 हजार हैक्टेयर था जो कुल फसलों के अधीन क्षेत्र का 89.87 प्रतिशत सिंचित था। फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र की स्थिति इस प्रकार रही, गेहूँ के अधीन 86.12 प्रतिशत, धान के अधीन 81.86 प्रतिशत, गन्ने के अधीन 96. 08 प्रतिशत, तेल बीजों एवं खाद्य फसलों के अधीन 7.13 प्रतिशत रहा।

**तालिका:— जिला अम्बाला में सिंचित क्षेत्र की स्थिति (000हैक्टे0)**

| फसल | 2007—08 | 2008—09 | 2009—10 | 2010—11 | 2011—12 | 2012—13 | 2013—14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धान | 75 | 81 | 82 | 82 | 82 | 77 | 82 |
| गन्ना | 15 | 11 | 10 | 10 | 96 | 94 | 96 |
| मक्की | 2 | क | क | क | क | क | क |
| गेहूँ | 82 | 82 | 86 | 86 | 86 | 81 | 86 |
| तेलबीज वअन्य फसलें | 2 | 14 | 11 | 1 | 1 | 1 | 7 |
| कुल | 176 | 188 | 189 | 179 | 265 | 253 | 271 |

40 नलकूप/ टयूबवैल

वर्ष 2013—14 में कुल नलकूपों तथा टयूबवैल की संख्या 19951 है

41.बाढ़

जिला अम्बाला वर्षा के दौरान मारकण्डा तथा घग्घर नदी में अति बहाव हो जाने से बाढ़ से प्रभावित हो जाता है। वर्ष 2013—14 में जिला में बाढ़ का प्रभाव न के बराबर रहा।

## पशुपालन तथा डेरी

42.पशुधन

2012 की पशुगणना अनुसार जिला अम्बाला में पशुधन की संख्या 316286 तथा कुक्कुट संख्या 709110 थी। 2012 में कुल पशुधन में से 19.80 प्रतिशत गाय व बैल, 68.08 प्रतिशत भैंसे, 6.70 प्रतिशत भेड़े—बकरी, 0.55 प्रतिशत घोड़े, खच्चर तथा गधे और 4.87 प्रतिशत ऊँट, सूअर तथा कुत्ते थे।

43. जिला अम्बाला में 2012 की पशुगणना के आधार पर प्रति हजार मनुष्यों के पीछे पशु संख्या 55.50, भैंसे 191, घोड़े और टट्टू 1.3, गधे (क), भेडें 12, बकरियां 7, ऊँट (क) तथा कुक्कुटादि 628 थी।

44. पशु चिकित्सा सेवायें

वर्ष 2013—14 में जिला अम्बाला में पशु चिकित्सा सेवायें प्रदान करने के लिए 36 पशु चिकित्सालय, 94 पशु चिकित्सा डिसपैन्सरियां,1 सुअर फार्म कार्यरत थे।

45 सभी संस्थाओं द्वारा वर्ष 2013—14 में 166.352 पशुओं का ईलाज किया गया। इस वर्ष के दौरान 92 पशुओ का कृत्रिम गर्भाधान करवाया गया। जिला अम्बाला में 1 सघन पशुधन विकास परियोजना कार्य कर रही है। जिला अम्बाला में 2013—14 में 5 विकसित गोशाला थी तथा गोशाला संघ से सम्बन्धित गाशालाओं की संख्या 5 थी।

46. डेरी दुग्ध उत्पादन

दुग्ध उत्पादन कृषकों के लिए अतिरिक्त आय का एक मुख्य साधन है। 2012 की पशुगणना अनुसार कुल पशुधन अर्थात् 316286 में से 101150 दुधारू पशु थे। जिला अम्बाला में एक दुग्ध संयन्त्र है जिसकी संयन्त्र क्षमता 70000 लाख लीटर प्रतिदिन है ।

## मछली पालन

47. वर्ष 2013—14 में मछली पालन से कुल 102400000 रुपए की आय हुई वर्ष के दौरान 391 लाईसैंस जारी किये गये।

48. मछली पालन के लिए कुल 370 हैक्टेयर भूमि को प्रयोग में लाया गया।

## विद्युत

49. विद्युतीकरण 'शहरी / ग्रामीण'

जिला में स्थित सभी शहरों तथा गांवों का विद्युतीकरण हो चुका है। वर्ष 2013—14 में अम्बाला विद्युत सर्कल में विद्युतिकृत नलकूपों की संख्या 21025 थी जिसमें 16796 कृषि तथा 1229 जलापूर्ति तथा सिवरेज के नलकूप थे।

50. विभिन्न परियोजनाओं में विद्युत का उपयोग

अम्बाला सर्कल में वर्ष 2013—14 में 5629 कि0 मी0 एल0 टी0 लाईने, 4202 कि0 मी0 11 के0 वी0 लाइन्ज तथा 15950 ट्रांसफार्मर थे। इस प्रकार जिला अम्बाला में संयोजनों की संख्या 287841 हो गई है। कुल संयोजनों में 74.73 प्रतिशत घरेलु, 14.45 प्रतिशत वाणिज्य, 1.50 प्रतिशत औद्योगिक, 0.02 प्रतिशत सार्वजनिक प्रकाश, 8.92 प्रतिशत कृषि तथा 0.37 प्रतिशत शेष अन्य उपयोगों के लिए थे।

51. जिला अम्बाला में बिजली का उत्पादन नहीं होता। जिला में वर्ष 2013—14 के दौरान 12321.82 लाख कि0 वाट बिजली की खपत हुई जिसमें 3433.45 लाख कि0 वाट घरेलू, 1377.64 लाख कि0 वाट वाणिज्यिक, 1584.02 लाख कि0 वाट औद्योगिक, 24.90 लाख कि0 वाट सार्वजनिक प्रकाश, 621.61 लाख कि0 वाट सार्वजनिक जलापूर्ति, 4311.44 लाख कि0 वाट कृषि, 13.38 लाख कि0 वाट कार्यालय / वर्कशाप इत्यादि तथा 952.90 लाख कि0 वाट भारी मात्रा में उपयोग करने वाले समायोजनों द्वारा खपत की गई।

## खनिज पदार्थ तथा उद्योग

52. खनिज उत्पादन

जिला अम्बाला में पत्थर तथा बजरी निकालने के स्त्रोत पर प्रतिबन्ध हैं।

53. लघु उद्योग यूनिट

वर्ष 2013—14 में जिला अम्बाला में कुल 213 रजिस्टर्ड फैक्टरियां कार्यरत रही।

54. जिनमें अनुमानित 11876 कार्यकर्ता कार्य कर रहे थे, जो राज्य के कुल फैक्टरियों के कार्यकर्ताओं का 1.42 प्रतिशत है।

55.बड़े तथा मध्यम स्तरीय उद्योग यूनिट

जिला अम्बाला में निम्नलिखित बड़े तथा मध्यम स्तर के उद्योग स्थित है।

1. हिन्द फर्टीलाइजर एण्ड कैमिकल्ज लि0 अम्बाला
2. आ0 सी0 ओरियन्टल सांईस आप्रेटस वर्कषाप अम्बाला
3. सूर्या एग्रो आयल प्रा0 लि0, अम्बाला
4. जी0 जी0 रोलर फलोर मिल्ज लि0, अम्बाला
5. गोपी मिक्सिज प्रा0 लि0, अम्बाला

## सड़क तथा परिवहन

56.सड़कों की लम्बाई

लोक निर्माण विभाग (भवन तथा सड़कें) द्वारा सारा वर्ष सड़कों की देखरेख की जाती है। वर्ष 2013—14 में जिला अम्बाला में 1136 कि0मी0 पक्की सड़कें थी। वर्ष 2013—14 के दौरान जिला के सभी 470 गांव पक्की सड़कों से जुड़े हुए है।

57.रेलवे स्टेशन एवं हरियाणा परिवहन बस स्टैंण्डों की संख्या

जिले के सभी गांव पक्की सड़कों से जुड़े हुये है। वर्ष 2013—14 में जिला अम्बाला में हरियाणा परिवहन, अम्बाला द्वारा निर्मित 5 बस स्टैण्ड सेवायें प्रदान कर रहे थे। जिला अम्बाला में 8 रेलवे स्टेशन है और रेलवे लाईन की लम्बाई लगभग 1064.35 कि0 मी0 है।

58.राज्य परिवहन

जिला अम्बाला में हरियाणा राज्य परिवहन का एक डिपो तथा एक सब डिपो है। जिसमें 203 बसें जिला के अन्दर व राज्य तथा अर्न्तराज्य रूटों पर चलाई जा रही है। इन बसों द्वारा वर्ष 2013—14 में 254.25 लाख कि0 मी0 दूरी तय की गई जिससे 6837.90 लाख रुपए की प्राप्ति हुई। इन बसों द्वारा प्रतिदिन औसत 104239 यात्रियों द्वारा यात्रा की गई।

59.सड़क दुर्घटनायें

2013—14 में 18 दुर्घटनायें घटी जिनमें 20 गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हुई तथा इन दुर्घटनाओं में 10 व्यक्ति मारे गए और 09 व्यक्ति घायल हुये।

## संचार

60. डाकघर व तारघर

वर्ष 2013—14 में जिला अम्बाला में 95 डाकघर थे। प्रति लाख व्यक्ति के पीछे 8 डाकघर कार्य कर रहे थे। इसके लिए जनता की सुविधा के लिये 285 लैटरबाक्स की सेवायें भी प्रदान की गई।

61. दूरभाष केन्द्र

वर्ष 2012—13 में जिला अम्बाला में 32998 दूरभाष कार्य कर रहे थे जो 61 दूरभाष केन्द्रों से जुड़े हुये हैं एवं 1003 सार्वजनिक दूरभाष कार्य कर रहे थे। (वर्ष 2013—14) की सूचना उपलब्ध ना हो सकी।

## श्रम तथा रोजगार

62. औद्योगिक झगड़े

वर्ष 2013 के दौरान जिला अम्बाला में 61 औद्योगिक झगड़े रिपोर्ट किए गये। वर्ष के दौरान औद्योगिक संगठन में हडतालों व तालाबन्दियों की संख्या शून्य है। जिला में वर्ष 2013 में श्रमिक संघ अधिनियम, 1926 के अधीन रजिस्टर्ड संघों की संख्या 109 है।

63. रोजगार केन्द्र

जिला अम्बाला में 31 मार्च, 2014 को 28668 व्यक्ति संगठित क्षेत्र में रोजगार में थे जिनमें से 20073 व्यक्ति सार्वजनिक क्षेत्र में तथा 8595 व्यक्ति निजि क्षेत्र में लगे हुये थे।

64. जिला अम्बाला में 3 रोजगार कार्यालय हैं। इन रोजगार कार्यालयों में वर्ष 2013-14 के दौरान 5252 व्यक्तियों द्वारा रोजगार हेतु पंजीकरण करवाया गया जिसमें कुल पंजीकृत बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या 35870 हो गई तथा कुल 08 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया।

65 जिला अम्बाला में वर्ष 2013-14 के दौरान 3514 दुकानों में 4238 कर्मचारी, 214 वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में 1163 कर्मचारी, 50 होटल तथा जलपान गृहों में 282 कर्मचारी कार्यरत रहे।

66 मजदूरी की औसत दैनिक आय वर्ष 2013—14 के दौरान जिला अम्बाला में कुशल कार्यकर्त्ताओं जैसे बढ़ई और लौहार की दैनिक मजदूरी 425 रुपए थी, हल चलाने वाले कृषि श्रमिक की दैनिक मजदूरी 300 रुपए बिजाई के लिए 300 रुपए, गोड़ाई के लिए 300 रुपए, कटाई के लिए 304.17 रुपए तथा अन्य कृषि सम्बन्धी मजदूरी की दर 300 रुपए प्रति दिन रही।

## सहकारिता

67 सहकारिता वर्ष 2013–14 में जिला अम्बाला में 758 सहकारी समितियां थी जिनके सदस्यों की संख्या 219458 थी।

वर्ष के दौरान इन सहकारी समितियों में 36.99 करोड़ रुपए हिस्सा पूंजी, 23.38 करोड़ रुपए अन्य निजि पूंजी थी। जबकि कार्यपूंजी 416.61 करोड़ रुपए रही। इस प्रकार वर्तमान सीमा अनुसार अनुमानित जनसंख्या के आधार पर प्रति व्यक्ति औसत कार्यपूंजी 11327 रु0 थी।

68 प्रति लाख व्यक्तियों पर समितियों की संख्या 197 थी जबकि प्रति हजार जनसंख्या पर सब प्रकार की समितियों के सदस्यों की संख्या 601 थी।

69 सभी 758 सहकारी समितियों एवं बैंकों में से 1 केन्द्रीय सहकारी बैंक, 45 कृषि ऋण, 81 गैर–कृषि ऋण,5 विपणन, 2 गन्ना अपूर्ति, 5 उपभोक्ता समितियां/उपभोक्ता स्टोर, 34 आवास समितियां, 5 खेती समितियां, तथा शेष 578 अन्य प्रकार की समितियां थी।

70 वर्ष 2013–14 में जिला अम्बाला में 1 केन्द्रीय सहकारी बैंक था जिसकी 30 अन्य शाखाएं थी। इनमें हिस्सा पूंजी 1804.00 लाख रुपए, निजि पूंजी 3905. 00 लाख रुपए जबकि कार्य पूंजी 53242 लाख रुपए रही। वर्ष के दौरान इस बैंक द्वारा 40307 लाख रुपए का कर्जा दिया गया तथा इस द्वौरान 14581 लाख रु. का overdue रहा।

71 वर्ष 2013–14 में जिला में 1 प्राथमिक भूमि विकास बैंक था। जिसकी हिस्सा पूंजी 359.03 लाख रूपये, निजि पूंजी 364.53 लाख रूपये जबकि कार्य पूंजी 10117.37 लाख रूपये थी। वर्ष के दौरान इस बैंक द्वारा 13.50 लाख रूपये कर्जा दिया गया जिसमें 6.00 लाख रूपये का कर्जा भूमि सुधारने हेतु दिया गया।

## बैंक

72 जिला अम्बाला में वर्ष 2013–14 में 228 अनुसूचित वाणिज्यक बैंक थे, जिनमें से 42 प्रतिशत ग्रामीण तथा 58 प्रतिशत शहरी क्षेत्र में थे।

73 प्रति बैंक ब्रांच द्वारा सभी उपभोक्ताओं को सन्तुष्टिजनक सेवाएं प्रदान की गई।

74 मार्च,2014 तक 9418 करोड़ रूपये जिला अम्बाला में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों जमा थे।

75 सबसे अधिक ऋण कृषि एवं उससे सम्बन्धित कार्यो के लिए प्रदान किया गया।

# शिक्षा

76. विद्यालय तथा महाविद्यालय

जिला अम्बाला में वर्ष 2013—14 के दौरान 530 प्राथमिक, 211 माध्यमिक तथा 285 उच्च तथा वरिप्ठ माध्यमिक मान्यता प्राप्त विद्यालय ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान कर रहे थे। इन प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च तथा वरिप्ठ माध्यमिक मान्यता प्राप्त विद्यालयों में क्रमशः1755, 843, 489(2012—13), अध्यापक कार्यरत थे। इस प्रकार जिला में इन विद्यालयों में कुल 3087 अध्यापक कार्यरत थे।

77 वर्ष 2013—14 के दौरान 148047 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे जिनमें से 70246 विद्यार्थी प्राथमिक/पूर्व प्राथमिक विद्यालयों में 46529 माध्यमिक विद्यालयों में तथा शेष 31272 (2012—13)विद्यार्थी उच्च तथा वरिप्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षाग्रहण कर रहे थे।

78. वर्ष 2013—14 में जिला अम्बाला में अनुसूचित जाति के कुल 58077 विद्यार्थियों ने मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण की जो कुल विधार्थियों का 39.23 प्रतिशत है।

79 जिला अम्बाला में प्रति अध्यापक विद्यार्थियों का अनुपात लगभग 40 प्राथमिक,55 माध्यमिक तथा 20 उच्च तथा वरिप्ठ माध्यमिक विद्यालयों का था।

80 इसके अतिरिक्त प्राईमरी शिक्षा के लिए समेकित बाल विकास परियोजना के अर्न्तगत 7 खण्डो मे 1213 आंगनवाड़ी केन्द कार्यरत थे।

81 जिला अम्बाला में वर्ष 2013—14 में 15 कला,विज्ञान एव, गृह विज्ञान महाविद्यालयों में 28497 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे जिसमे 5234 विद्यार्थी अनुसूचित जाति से सम्बन्धित थे।

82 अन्य व्यावसायिक कार्यक्रम

वर्ष 2013—14 में व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में जिला अम्बाला में 14 शिक्षण महाविधालय तथा 1 विधि महाविधालय कार्यरत था।

83 उपरोक्त के अतिरिक्त जिला अम्बाला में 7 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कार्यरत थे।

84 इन्जिनियरिंग महाविद्यालय

जिला अम्बाला में वर्ष 2013—14 के दौरान 11 इंजिनियरिंग महाविधालय कार्यरत थे।

## चिकित्सा तथा जन स्वास्थय

85. स्वास्थय सेवायें

86. वर्ष 2013—14 में सरकारी संस्थाओं द्वारा 1039941 रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई।

87 वर्ष 2013—14 में सरकारी संस्थाओं में 412 बिस्तर उपलब्ध थे।प्रत्येक एक लाख आबादी के लिए 36 बिस्तर उपलब्ध थे ।

88 वर्ष 2013—14 में कुल जन्मों की संख्या 21394 थी जिनमें 5229 ग्रामीण तथा 16165 शहरी क्षेत्र में जन्म हुए। वर्ष 2013—14 में मौतों की संख्या 7995 रही जिनमें ग्रामीण क्षेत्र में 4426 तथा शहरी क्षेत्र में 3569 थी।

89. परिवार कल्याण केन्द्र

वर्ष 2013—14 में जिला अम्बाला में 21 परिवार कल्याण केन्द्र कार्यरत थे। वर्ष 2013—14 में नसबन्दी के कुल 68 केसिज़ किए गए महिलाओं के 1151 केस थे। वर्ष के दौरान आई0 यू0 डी0 प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की संख्या 2623 थी।

90. सुरक्षित पेयजल

जिला अम्बाला में पेयजल परियाजना के अधीन जिले के सभी गांवों का पेयजल सुविधा प्रदान की जा चुकी है।

## कल्याण विभाग अनुसूचित जातियां व पिछड़े वर्ग

91 कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए विशेष कार्यक्रम जो मकान बनाने के लिए ऋण, मैट्रिक से ऊपर के विद्यार्थियों को छात्रवृति, पुस्तकें एवं लेखन सामग्री खरीदने के लिए बिना ब्याज के ऋण तथा मुफत वर्दियों का बांटना वर्ष के दौरान प्रगति पर रहा।

92 **मकान अनुदान योजना**

वर्ष 2013—14 में मकान अनुदान योजना अनुसूचित जाति के अर्न्तगत 1178 परिवारों को सहयोग राशि का अनुदान दिया गया। इस स्कीम में उन व्यक्तियों को जिनके पास कच्चा मकान हो व 50 वर्ग गज ग्रामीण और 35 वर्ग गज शहरी का प्लाट हो, उन्हे 50000 रूपये का अनुदान दिया जाता है। अनुसूचित जाति व गरीबी रेखा से नीचे के व्यक्तियों को 10000 रूपये मकान मुरम्मत के लिए दिए जाते हैं।

93 <u>इन्दिरा गांधी प्रिय दर्शनी विवाह शगुन योजना</u>

इन्दिरा गांधी प्रिय दर्शनी विवाह शगुन योजना के अर्न्तगत बी.पी.एल की सूची में दर्ज सभी अनुसूचित जाति व सभी वर्ग की विधवाओं को 31000 रुपये और अन्य वर्ग के समुदायों/ लाभ पात्रों को 11000 रुपये का लाभ दिया जाता हैं। यह लाभ केवल दो लडकियों की शादी तक दिया जाता हैं। वर्ष 2013–14 के अर्न्तगत 1677 लाभार्थियों को 41492000 रूपये की राशि का अनुदान दिया गया।

94 <u>अर्न्तजातीय विवाह योजना</u>

अर्न्तजातीय विवाह योजना के अर्न्तगत वर्ष 2013–14 के दौरान 34 लाभार्थियों को 1700000 रूपये की राशि का अनुदान दिया गया।

95 <u>अत्याचार से पीडित लोगों की आर्थिक सहायता करना</u>

अनुसूचित जाति के लोगों पर गैर–अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा अत्याचार किये जाने पर अनुसूचित जाति के लोगों को आर्थिक सहायता दी जाती है। जिन केसों में SC/ST धारा के अर्न्तगत दर्ज उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाता हैं। वर्ष 2013–14 के दौरान 7 लाभार्थियों को 645000 रूपये की राशि का अनुदान दिया गया।

96 <u>पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना (अनु0जाति)</u>

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना (अनु0जाति) के अन्तर्गत वर्ष 2013–14 के दौरान अनुसूचित जाति के 589 छात्रों को 19991012 रुपए की राशि वितरित की गई।

97 <u>वृद्धावस्था एवं अन्य पैंशन</u>

वर्ष 2013–14 में जिला अम्बाला में वृद्वावस्था पैंशन के अन्तर्गत 57473 वृद्वों को 484016050 रुपए, विधवा पैंशन योजना के अन्तर्गत 23987 लाभपात्रों को 228157250 रुपए तथा 6218 विकलांग व्यक्तियों का 49416450 रुपए की राशि पैंशन के रूप में वितरित की गई।

98 <u>डा0 अम्बेडकर मेधावी छात्रवृति स्कीम अनुसूचित जाति</u>

इस स्कीम के अर्न्तगत वर्ष 2013–14में अनुसूचित जाति के 420 छात्रों का 3362000/–रु0 की राशि वितरित की गई

99 <u>उत्कृप्ट कार्य करने वाली पंचायतो को प्रोत्साहन देने बारे</u>

जो पंचायते अनुसूचित जाति के विकास के लिए कार्य करती है उनको प्रोत्साहन स्वरुप आर्थिक सहायता दी जाती है।

100 <u>नगरपालिकाएं</u>

वर्ष 2013–14 में एक नगरनिगम व एक नगरपालिका कार्यरत रहे । इन निगम व पालिका की वर्ष में कुल आय 500120.770 हजार रुपए है जबकि व्यय 397445. 734 हजार रुपए है।

101. <u>जिला राजस्व</u>

जिला राजस्व में वर्ष 2013–14 में निम्नलिखित साधनों में राजस्व की प्राप्ति हुई। हरियाणा मूल्यबर्धिती कर से 17911175 हजार रुपए, केन्द्रीय बिक्री कर से 641881 हजार रुपए, मनोरंजन कर से 28611000 हजार तथा शो कर से कोई आय प्राप्त नहीं हुई।

102. <u>रजिस्ट्रीकरण</u>

वर्ष 2013–2014 में जिला अम्बाला में रजिस्ट्री कार्यालयों की संख्या 3 थी जिनमें 17295 अनिवार्य अचल सम्पत्तियां की रजिस्ट्री हुई। इन अन्तरित सम्पत्तियों का मूल्य 451955362 हजार रुपए था। इससे सरकार को 54749770 हजार रुपए की आय हुई।

103. <u>पुलिस तथा अपराध</u>

जिला अम्बाला में वर्ष 2013–14 में 13 पुलिस स्टेशन तथा 19 पुलिस चौकियां कार्यरत थी। जिले में वर्ष 2013–14 के दौरान 4049 अपराध हुए जिनमें से 41 हत्या , 23 केस लूट, 188 हरण, 2 संदोष मानव हत्या, 402 केस सेंध चोरी, 476 चोरी, 3 डकैती तथा 2849 केस विविध अपराधों से सम्बन्धित थे

104 .<u>हरियाणा सरकार के कर्मचारी</u>

जिला अम्बाला में 31 मार्च 2014 को हरियाणा सरकार के अधीन कार्यालयों में 18274 कर्मचारी कार्यरत थे जिनमें 12105 पुरूष तथा 6169 महिलाएं थी। जिला में 5143 अनुसूचित जाति के तथा 3839 पिछड़े वर्ग के कर्मचारी थे।

**<u>तालिका :– जिला अम्बाला में हरियाणा सरकार के कर्मचारी 31.03.2014.......</u>**

| श्रेणी | कुल | | अनुसूचित जाति | | पिछड़े वर्ग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्त्रियां | पुरूष | स्त्रियां | पुरूष | स्त्रियां | पुरूष |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| वर्ग–ए | 70 | 183 | 9 | 33 | 6 | 26 |
| वर्ग–बी | 287 | 544 | 128 | 182 | 40 | 94 |
| वर्ग–सी | 2410 | 7718 | 409 | 1868 | 385 | 1602 |
| वर्ग–डी | 386 | 2386 | 189 | 860 | 88 | 601 |
| फुटकर | 2394 | 198 | 924 | 66 | 627 | 147 |
| कार्य प्रभारित तथा संविधा आधार | 622 | 1076 | 214 | 261 | 83 | 140 |
| कुल | 6169 | 12105 | 1873 | 3270 | 1229 | 2610 |

105. मनोरंजन

जिला अम्बाला में 5 सिनेमाघरों द्वारा लोगों का मनोरंजन किया गया। वर्ष 2013–14 में सरकार को मनोरंजन कर से 286.11 लाख रु0 की आय प्राप्त हुई।

106. जिला योजना

जिला अम्बाला में जिला योजना के अन्तर्गत वर्ष 2013–14 के दौरान 446.82 लाख रुपए की राशि जिला के विभिन्न विकास कार्यों के लिए जारी एवं 446.82 लाख रुपए की राशि खर्च की गई।

107. खेलकूद

अम्बाला जिला में 9 खेल स्टेडियम तथा 17 मिनि स्टेडियम है जिसमें प्रतियोगिताओं को आयोजित करने के लिए खेल मैदान की सुविधाएं उपलब्ध है। जिला खेल अधिकारी का कार्यालय भी इसी स्टेडियम में स्थित है।

108. राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण प्रषिक्षण केन्द्र

भारत सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य में एक खेल प्रशिक्षण केन्द्र चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत सभी प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उनके ठहरने, खने–पीने, खेल किट तथा स्वास्थ्य देखभाल का पूरा प्रावधान है। इन प्रशिक्षणार्थियों की शिक्षा हेतु विभिन्न शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश भी दिलाया जाता है।

109. चुनाव एवं मतदाता

वर्ष 2013–14 में जिला अम्बाला में मतदाताओं की कुल संख्या 758589 थी जो 4 विधानसभा क्षेत्रों में क्रमशः नारायणगढ़, मुलाना (अ0जा0), अम्बाला छावनी, अम्बाला शहर में विभाजित है

..................

## परिशिप्ठ–3

## जिला एक दृप्टि मे चुने हुये सूचकांक

| | |
|---|---|
| 1. जनसंख्या का घनत्व प्रति वर्ग कि.मी.(2011) | 717 |
| 2. कुल जनसंख्या पर ग्रामीण जनसंख्या की प्रतिशतता | 55.62 |
| 3. कुल जनसंख्या पर षहरी जनसंख्या की प्रतिशतता | 44.38 |
| 4 कुल जनसंख्या पर 0–6 आयु वर्ग की प्रतिशतता | 11.32 |
| 5. कुल जनसंख्या में लिगांनुपात (2011) | 885 |
| 6. ग्रामीण जनसंख्या में लिगांनपात (2011) | 892 |
| 7. शहरी जनसंख्या में लिगांनुपात (2011) | 876 |
| 8. 0–6 आयु वर्ग की जनसंख्या में लिगांनुपात (2011) | 810 |
| 9. साक्षरता दर (2011) क. पुरूष | 88.47 |
| ख. स्त्री | 76.64 |
| ग. कुल | 82.89 |
| 10. कुल बोये गये क्षेत्र के अन्तर्गत कुल सिंचित क्षेत्र की प्रतिशतता | 88 |
| 11 एक बार से अधिक बार वोये गए क्षेत्र की निवल वोये गए क्षेत्र की प्रतिशतता (2013–14) | 83.49 |
| 12. सकल सिंचित क्षेत्र की सकल वोये गये क्षेत्र से प्रतिशतता | 100 |
| 13. गावों के विद्युतीकरण की प्रतिशतता | 100 |
| 14. स्कूल जाने वाले प्रति 1000 बच्चों पर स्कूलों की संख्या | |
| (2013–14) क. प्राथमिक | 8 |
| (2013–14) ख. माध्यमिक | 5 |
| (2012–13) ग. उच्च तथा वरिप्ठ माध्यमिक व़िद्यालय | 4 |
| 15. प्रति लाख जनसंख्या के पीछे विस्तरों की संख्या | 36 |
| 16. प्रति पांच लाख जनसंख्या के पीछे अस्पतालो की संख्या | 2 |
| 17. प्रति 100वर्ग कि.मि. क्षेत्र पर पक्की सतही सड़को की लम्बाई | –80.37 |
| 18. प्रति लाख जनसंख्या के पीछे डाकघरों की संख्या | 8 |
| 19. प्रति लाख जनसंख्या पर परिवार कल्याण केन्द्रो की संख्या | 1 |

..................